मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.in E-mail : programmer.mpmandiboard@gmail.com Tel. : 0755-4270561

क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/कम्प्यूटर आपूर्ति/2024-25/ 1510 भोपाल, दिनांक 08/11/2024

प्रति

संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय- भोपाल / इंदौर /
ग्वालियर / सागर / जबलपुर एवं रीवा (म0प्र0)।

विषयः- भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर डेटा एकत्र करने और अपलोड करने के लिए आईटी उपकरण (टैबलेट) के लिए प्रस्ताव।

संदर्भः- क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/कम्प्यूटर आपूर्ति/2024-25/1497 दिनांक 22-10-2024

--00--

उल्लेखित विषय के संदर्भ में कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/कम्प्यूटर आपूर्ति/2024-25/1497 दिनांक 22-10-2024 से प्रदेश की 259 (अनाज) मंडी समितियों की जानकारी संलग्न प्रपत्र के परिशिष्ट-01 में एवं प्रदेश की फल-सब्जी हेतु अधिसूचित 176 मंडी समितियों की जानकारी परिशिष्ट-02 में MS Office के Excel Software पर हार्ड एवं साफ्ट कापी में तैयार कराकर मंडी बोर्ड, मुख्यालय की ई-मेल आई.डी. programmer.mpmandibord@gmail.com पर तीन दिवस की समय-सीमा में चाही गई थी।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में मात्र आंचलिक कार्यालय, उज्जैन एवं जबलपुर से जानकारी प्राप्त हुई है, जबकि शेष आंचलिक कार्यालयों से जानकारी आज दिनांक तक अप्राप्त होने से भारत सरकार को जानकारी भेजे जाने में अनावश्यक विलंब हो रहा है, इससे यह स्पष्ट है कि मेरे निर्देशों को आपके द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, यह स्थिति दैनिक कार्य संचालन की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि चाही गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

08/11/24
( अरूण कुमार विश्वकर्मा )
आई.ए.एस.
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल